तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023

12 मानव शरीर और सौरमंडल के विज्ञान मॉडल ...

12 निर्माणाधीन मानपुर सड़क बना ग्रामीण के लिए...

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

खबर संक्षेप

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के ग्राम गड़गड़ा थाना पुराज निवासी 32 वर्षीय रूपेश सहारे पिता गुलाब ने अंतागढ़ पुलिस को बताया कि मैं अपनी पत्नी के साथ कलगाँव में हीरामन पटेल के मकान में किराए में रहता हूँ। मैं काम पर गया था मेरी पत्नी 24 वर्षीय मंगला सहारे ने 16 दिसंबर को दोपहर को लगभग साढ़े 11 बजे किराए वाले मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। अंतागढ़ पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस आत्महत्या करने का कारण पता लगाने में जुटी हुई है।

घमरे में तीन दिनी कबड्डी प्रतियोगिता 27 दिसंबर से

दुर्गुकोंदल। विकास खण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम घमरे में मूल निवासी जो युवा संगठन ओपन प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तीन दिवसीय कबड्डी पुरुष एवं महिला वर्ग आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, रामकुमार, संतोष, ग्राम पटेल एवं अन्य पदाधिकारी ने बताया है कि पूरी तैयारी हो चुकी है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10000 रूपएं ओर तृतीय पुरस्कार 5000 रूपएं एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4000 रूपएं, द्वितीय पुरस्कार 2000 रूपएं एवं अन्य पुरस्कार आयोजन समिति की ओर से दी जाएगी। आयोजन समिति की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए हैं।

गुरुघासी दास का जयंती समारोह आज मनाएंगे

कांकेर। संतनाम सेवा समिति एवं संतनामी समाज छत्तीसगढ़ के बेनर तले प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरूघासीदास की 267 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। गुरूघासीदास जयंती के अवसर पर नगर के संजय नगर संतनाम भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 1 बजे निकाली जाएगी, जो ज्ञानी ढाबा, दुधावा चौक, पंडरीपानी चौक, सेन चौक होते हुए वापिस संजय नगर पहुंचेगी। शोभायात्रा के बाद 3 बजे ध्वजारोहण कर संतनाम आरती किया जाएगा व पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संध्या 5 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 10 पर

निरीक्षण : विधायक नेताम ने मौके पर ठेकेदार के अमले से किया संवाद

विधायक की हिदायत पर नंदनमारा पुल निर्माण अप्रैल तक पूरा करने का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विधायक ने कहा- जहां समस्या हो, हमें बताएं, पुल जल्द पूरा होना चाहिए
- दोनों डायवर्सन मार्ग जर्जर, भारी वाहन चालक हैं परेशान

नंदनमारा में नया पुल का कार्य चल रहा है और इसकी हकीकत को जानने के लिए विधायक आशाराम नेताम 17 दिसंबर की सुबह नंदनमारा पहुँच गए वहाँ पर उपस्थित आधिकारियों व ठेकेदार के अमले से संवाद किया। ठेकेदार के स्टाप ने अप्रैल तक पुल बनाने का वादा किया है, वहीं विधायक ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो मुझे बताएं, उसके लिए अच्च अधिकारियों से बात किया जाएगा।

नंदनमारा में पुराना पुल डैमेज होने के बाद भारी वाहनों को पहले कोड़ेजुंगा से बारदेवरी मार्ग और इसके बाद कांकेर से मुड़पार होते हुए नरहरपुर जाने वाले मार्ग पर भेजा गया, इसके चलते यह दोनो मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गए है। नंदनमारा में नए पुल के बनाने की गति धीमी होने की जानकारी मिलने पर विधायक आशाराम नेताम 17 दिसंबर की सुबह सुबह नंदनमारा में बन रहे पुल को देखने के लिए पहुँच गए। विधायक के पहुँचने के पहले लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदुमन सिंह दीवान, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ घनश्याम साहू, सब इंजीनियर राकेश नेताम और एसडीएम मनीष साहू भी कार्यस्थल पर पहुँच गए थे। अधिकारियों के अलावा पुल निर्माण करवा रही एजेंसी के जीएम भास्कर राव से विधायक ने सीधे संवाद किया। उन्होने बताया कि सरकारी कुछ दिक्कतें आ रही थी, जिसके कारण निर्माण कार्य रूका था, अब परमीशन मिल गई है और हमारा लक्ष्य है कि अप्रैल तक पुल बना दिया जाएगा और अप्रैल के बाद आवागमन नए पुल पर चालू कर सकते है। विधायक ने निर्माण एजेंसी के जीएम और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर की कोई दिक्कत आती है, उसकी जानकारी सीधे मुझे उपलब्ध करवाएं। पुल का काम जल्द हो, इसके लिए मुझे जिस स्तर पर बात करने की जरूरत होगी, उस स्तर पर बात करके समस्या का निराकरण करवाऊंगा। विधायक ने कहा कि बारिश के पहले पुल बनकर तैयार हो जाना चाहिए, नहीं तो आपकी कंपनी के खिलाफ कार्यवाही करवाया जाएगा।

35 प्रतिशत कार्य हो चुका है

नंदनमारा पुल का कार्य करने वाली एजेंसी के जीएम भास्कर राव ने बताया कि अभी तक 35 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पुल बनाने का काम जनवरी 2022 में प्रारंभ किया गया था, विभागीय दिक्कतों और ठेकेदार बलेचा कंपनी से हुए विवाद के कारण देरी हुई है। परमीशन अब मिल गया है, अप्रैल तक पुल निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

विधायक के साथ यह रहे उपस्थित

विधायक के साथ प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भरत मटियारा, मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, मंडल महामंत्री अरूण कौशिक, पार्षद जयंत अटभैया, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, संजय सिन्हा, टेकेश्वर जैन, विजय साहू, गिरधर यादव, संजू सोनी, दिनेश रजक, प्रकाश निषाद व अन्य उपस्थित रहे।

शार्ट सर्किट से चश्मा दुकान में लगी आग से लाखों की क्षति

शार्ट सर्किट से लगी आग

थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि मीटर के पास तार जला हुआ था, इससे स्पष्ट है कि शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी थी। दुकानदार की शिकायत पर आगजनी का मामला कायम किया गया है। हमारी टीम मामले की जाँच में जुटी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस ने आगजनी का मामला किया दर्ज, जांच में जुटी

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लट्टीपारा में चश्मा दुकान में बीती रात को लगभग 10 बजे शार्ट सकिंट के चलते बंद दुकान में आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाया और जब तक आग बुझाने का प्रयास किया जाता, तब तक दुकान का सामान पूरी तरह से जलकर खाक में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार लट्टीपारा में साहू चश्मा दुकान है, जिसमें 16 दिसंबर की रात के लगभग 10 बजे के आसपास दुकान के पड़ोस व निकट में रहने वाले लोग दुकान के अंदर से तेजी से धुआं उठता दिखा, धुआं लगातार बढ़ता जा रहा था। पड़ोसियों ने दुकान संचालक को आग लगने की जानकारी दी, साथ ही फायर ब्रिगेड को भी जानकारी दी गई, कुछ समय में दुकानदार पहुँच गया। दुकान के अंदर आग भड़क चुकी थी और बाहर तेजी से धुआं निकल रहा था। ऐसे में शटर खोलना भी मुश्किल था, तत्काल अंदर आग बुझाने कार्रवाई नहीं की जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुँच गई थी। आग पर काबू पाने कार्रवाई शुरू की, मौके पर पहुंचे लोगों ने भी फायर ब्रिगेड की मदद किया। फायर ब्रिगेड ने रात साढ़े 11 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया लेकिन कुछ जगहों पर आग सुलगती रही। दुकान का शटर जब खोला गया, तो अंदर धुआं भरा था। आग की वजह से दुकान में गरमाहट काफी बढ़ गई थी और घुसना मुश्किल हो गया था। इस दौरान दुकान की बिजली सप्लाई बंद करा दी गई। रात 12 बजे के बाद जब आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया तो अंदर जाकर देखा गया, सभी समान जलकर खाक हो चुका था।

नौ बजे दुकान बंद कर दी थी

दुकान संचालक के पुत्र यशवंत साहू ने बताया उसने शाम 6 बजे अगरबत्ती जलाया था। रात 9 बजे दुकान बंद करने के दौरान जब वह वहां देखा ▶▶| शेष पेज 10 पर

लामकन्हार में ट्रैक्टर ने बाइक को मारी ठोकर, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- संजीवनी की मदद से घायल को अंतागढ़ में भर्ती कराया गया



अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के पास डोजर सोल्ड ट्रेक्टर के चालक ने लापरवाही ढंग से चलाते हुए सामने से आ रही बाईक को ठोकर मार दिया, जिसमें बाईक चालक घायल हो गया। संजीवनी की मदद से अंतागढ़ में भर्ती कराया गया, परंतु हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने हायर सेंटर रिफर कर दिया। अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुँचे भानुप्रतापपुर थाना के ग्राम बोगर निवासी 35 वर्षीय चंपालाल निषाद पिता मनीराम निषाद ने पुलिस को बताया कि 28 नवंबर को 7 बजे मेरा भाई बिदेसिंह निषाद पिता मनीराम निषाद घर से बस्तर जाने के लिए अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9284 से निकला था, तभी करीब 9 बजे लामकन्हार से फोन किए और बताया कि बिदेसिंह निषाद का एक्सीडेंट हो गया है। खबर मिलने पर मैं और मेरी भाभी तथा गांव के अन्य लोग कार से लामकन्हार मेन रोड के पास पहुंचे तो देखे कि मेरे बड़े भाई बिदे सिंह का मोटर सायकल छतिग्रस्त हालत में पड़ा था और पूछताछ करने पर पता चला कि अंतागढ अस्पताल ले गए है, उसके बाद हम लोग अंतागढ अस्पताल पहुंचे तो देखे कि मेरा भाई अंतागढ अस्पताल के बेड पर लेटा था, उसके दाहिने पैर मे चोट लगा था। पूछताछ करने पर बताया कि घर से पढाने के लिए अपने स्कूल बस्तर जा रहा था करीबन 8.30 बजे लामकन्हार जंगल मेन रोड के पास पहुचा था कि सामने से आ रही डोजर ट्रेक्टर सोल्ड के चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। उसके बाद वहाँ भीड हो गया, तब वहां मवजूद अन्य लोगो ने चालक नाम बिशेश्वर दुग्गा निवासी लामकन्हार का होना बताया, उसके बाद मुझे 108 वाहन से अंतागढ अस्पताल लेकर आये। मेरे भाई बिदेसिंह निषाद को प्रायवेट वाहन से हायर सेंटर रिफर ▶▶| शेष पेज 10 पर

नाबालिग छात्रा ने लगाई फांसी



दुर्गुकोंदल। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र अंतर्गत पालाचुर में नाबालिग लड़की ने अपने घर में दुपट्टे से फांसी का लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मृतक लड़की के परिजन ने पुलिस को दिया व पुलिस मौके पर पहुची और मृतक लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नेताम ने बताया कि शव का ▶▶| शेष पेज 10 पर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तर पर हुआ शुभारंभ

देश के हर व्यक्ति को केंद्र सरकार की योजनाओं से होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- लघु नाटिका धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति ने किया आकर्षित

हमारा संकल्प
विकसित भारत
मोदी सरकार की गारंटी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम डुमरपानी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके तहत पहुंची आईईसी मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। लघु नाटिका धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि देश के हर व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सभी शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और दूसरों को भी जानकारी दें।

इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आमजनता का जागरूक एवं शिक्षित होना बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। विधायक ने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लगभग 23 लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया। गोदभराई रस्म में सभी अतिथियों द्वारा गर्भवती माताओं को पोषण आहार सामग्री दिया गया। आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा मारकोले, ग्राम पंचायत सरपंच मीना मरकाम, श्रीमती शालिनी राजपूत, दिलीप जायसवाल, संजू गोपाल साहू, हीरा मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण, इसके अलावा अधिकारियों में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ सुमित कुमार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हाटकर्रा और बीरनपुर में भी हुआ आयोजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड के गाँव हाटकर्रा में भी कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी गई। किसानों को खेतों में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से होने वाले नुकसान और प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना

कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

Congratulations

Sumeet Group

छत्तीसगढ़ में पहली बार!

10 CRORE से अधिक के उपहार

3rd MINI DRAW WINNERS
16 NOV. TO 13 DEC. 2023

TATA NEXON SMART CAR | OLA SI X BIKE | 10 GM GOLD COIN

1st Car Winner
COUPON NO. 459702

2nd Bike Winner
COUPON NO. 565010
COUPON NO. 454645

3rd Gold Coin Winner
COUPON NO. 504217
COUPON NO. 173711
COUPON NO. 529063

4th PRIZE WINNER सूटकेस सेट (3 पीस वाला)
LAST 4 DIGITS OF COUPON NO.
6014, 6048, 5522, 4333
तीसरे मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 4 अंक
71 व्यक्तियों के लिये

5th PRIZE WINNER ब्रांडेड सूटकेस
LAST 3 DIGITS OF COUPON NO.
367, 912, 987
तीसरे मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 3 अंक
501 व्यक्तियों के लिये

6th PRIZE WINNER डफल बैग विनर
LAST 3 DIGITS OF COUPON NO.
879, 253, 474, 017, 623, 819,
178, 422, 300, 876, 719, 997
तीसरे मिनी ड्रॉ के प्रत्येक कूपन के अंतिम 3 अंक
2100 व्यक्तियों के लिये

अगले विजेता आप भी हो सकते हैं।

*condition apply

Shubham K Mart | सुमीत बाजार | हम गढ़ते है विश्वास SUMEET JEWELLERS

अधिक जानकारी के लिए हमारे नजदीकी शोरुम में आज ही पधारिये

खबर संक्षेप

ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से मारी ठोकर

फरसगांव। नेशनल हाईवे 30 चिचाड़ी पुल में 17 दिसम्बर की शाम लगभग 6 बजे ट्रक क्रमांक एमपी 22 एच 1687 ने ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से ठोकर मार दी, जिसके चलते ट्रैक्टर ट्रॉली रोड के बीचों बीच पलट गया। ट्राली के पलटने से ट्रैक्टर में बैठे दो मजदूर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है। ट्रैक्टर और ट्राली के बीच रोड में पलटने से रोड़ में जाम की स्थिति बनी, रोड के दोनों ओर वाहनो की लंबी कतार लग गई। वहीं स्थानीय पत्रकारों और पुलिस के द्वारा पलटे हुए ट्रैक्टर और ट्राली को सीधा करवाया गया और यातायात को सुचारू रूप से संचालित करवाया गया। इस दुर्घटना में ट्राली में सवार चिचाड़ी निवासी सूरज मरकाम और मयाराम नेताम घायल हो गए हैं जिन्हें फरसगांव अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ग्राम चिचाड़ी की है जिसमें लगभग 12 से 15 मजदूर फरसगांव से ढलाई का काम करने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी।

क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आज होगा समापन

फरसगांव। जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा फरसगांव में जिला स्तरीय ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का समापन 18 दिसम्बर सोमवार को मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह और फरसगांव खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर ज्योतिर्मय की उपस्थिति में होगा। समापन के तीन मैच खेला जाना है, जिसमे दो सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा। पहला सेमीफाइनल मैच एमएलटी और सीएससी फाइटर के मध्य होगा , दूसरा सेमीफाइनल मैच आरएचओ फाइटर और 102,108 में मध्य होगा। इन दोनों मैच में जितने वाली टीम के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा। समापन के दिन स्वास्थ्य विभाग के महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम किया गया है।

पेज 9 के शेष...

शार्ट सर्किट से चश्मा ...

तो अगरबत्ती पूरी तरह बुझ चुकी थी। दीपक आदि नहीं जलाया था। आग शार्ट सर्किट से लगी है। मीटर के पास से शार्ट सर्किट हुई है। तार भी जला दिख रहा था।

लामकन्हार में ट्रैक्टर ...

करने पर धमतरी लेकर गए, जहां ईलाज चल रहा है।
प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि डोजर ट्रेक्टर सोल्ड के चालक बिशेश्वर दुग्गा द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्व चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया है जिससे उसके दाहिने पैर मे चोट लगा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

नाबालिग छात्रा ने ...

पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि लड़की ने आत्महत्या जैसा घातक कदम क्यों उठाया।

गुरुघासी दास का ...

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र कांकेर के नव निर्वाचित विधायक आशाराम नेताम होगें।

देश के हर व्यक्ति ...

शिविर के अलावा उज्ज्वला योजना, पशु चिकित्सा विभाग, आधार कार्ड अद्यतन सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। साथ ही निशुल्क बी1 एवं खसरा का भी वितरण किया गया। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम बीरनपुर में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की लोगों की जानकारी दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले के प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय संयुक्त सचिव विनय कुमार ने ली समीक्षा बैठक

योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करने के लिए तीन दिवस पूर्व ग्रामीण सचिवालयों में आवेदन पत्र संग्रहित करने का कार्य किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कोंडागांव जिले के प्रभारी अधिकारी तथा भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार ने जिले में कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने इस दौरान कहा कि भारत सरकार आगामी 25 वर्षों में विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है तथा इसी दिशा में अब अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं से शत–प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर जरुरतमंद व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार योजना का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को दिए जाने वाले लाभ की जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्र तथा संबंधित विभागीय पोर्टल में अवश्य दर्ज किया जाना चाहिए। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विकसित भारत संकल्प यात्र कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में बताया कि इसके लिए दिवस प्रभारी तथा वेन प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यक्रम के शीघ्र संचालन के लिए अतिरिक्त दो वाहनों की मांग की गई है, अन्यथा प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि का विकल्प भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके आयोजन के लिए दिवस प्रभारी, वेन प्रभारी और सूचना तकनीक आदि के दायित्वों का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय बोलियों के साथ भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाट–बाजार वाले दिन कार्यक्रम के आयोजन की रुपरेखा तैयार की गई है, वहीं सहायता के लिए युवोदय के स्वयंसेवक भी पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग समस्त संसाधनों के साथ उपलब्ध रहते हैं। कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान करने के लिए तीन दिवस पूर्व ग्रामीण सचिवालयों में आवेदन पत्र संग्रहित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं संपर्क केन्द्र के माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अभियान : अब दफ्तरों की दौड़ खत्म, घर में ही समस्याओं का निराकरण

विकसित भारत संकल्प यात्रा कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आपके द्वार पहुंची है सरकार: केन्द्रीय संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

हमारा संकल्प
विकसित भारत
मोदी सरकार की गारं

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आज सातगांव में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के बीच अपार उत्साह दिखा। इस दौरान भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव तथा विकसित भारत संकल्प यात्र कार्यक्रम के लिए कोंडागांव जिले के नोडल अधिकारी विनय कुमार भी शामिल हुए और उन्होंने यहां लोगों के उत्साह और आत्मीय व्यवहार की भूरी–भूरी प्रशंसा की। संयुक्त सचिव श्री कुमार ने कहा कि यहां के जनता की बढ़–चढ़कर भागीदारी ने सभी का उत्साह बढ़ाया है।

श्री कुमार ने कहा कि आमतौर पर लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दफ्तरों तक जाना पड़ता है और कई बार निराशा भी बढ़ती है, किन्तु शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार स्वयं आपके द्वार तक पहुंची है तथा इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षो में भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए आप तक सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गांवों को विकसित बनाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे स्वयं योजनाओं का लाभ लेने के साथ उन व्यक्ति का भी सहयोग करें, जो किसी कारण से इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

कलेक्टर दीपक सोनी ने इस अवसर पर कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से शत–प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने के लिए यह यात्र पहुंची है। उन्होंने कहा कि यहां प्राप्त आवेदनों पर यथासंभव त्वरित कार्यवाही की जा रही है। जिन कार्यों की प्रक्रिया थोड़ी लंबी है, उनमें भी एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही पूरी कर सभी लोगों को सूचित किया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान गांव के भू–अभिलेख के शत–प्रतिशत डिजीटलीकरण होने पर बधाई भी दी। जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल ने इस अवसर लोगों से कहा कि वे यहां लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लें तथा अपनी आवश्यकता तथा पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

संयुक्त सचिव तथा कलेक्टर ने किया स्टॉलों का निरीक्षण

इस अवसर पर संयुक्त सचिव विनय कुमार तथा कलेक्टर दीपक सोनी ने यहां लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और यहां दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। यहां कृषि के साथ ही पशुपालन, मछलीपालन के लिए भी केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था और इसके साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, सिकलसेल आदि की जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की जा रही थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल में ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र तथा जीवामृत सहित विभिन्न जैविक कीटनाशक एवं उर्वरकों का प्रदर्शन करने के साथ ही उनके निर्माण की विधि भी बताई जा रही थी। इसके साथ ही यहां बैंक सखियों के माध्यम से बैंक संबंधी लेनदेन की सुविधा भी प्रदान की जा रही थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में रेडी टू ईट से निर्मित विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया था। पशुपालन विभाग के स्टॉल में पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा पशुओं के उपचार के लिए औषधि वितरण का कार्य किया जा रहा था।

ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत के निर्माण की ली शपथ

इस अवसर पर यहां उपस्थित ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली। इसके साथ ही 'यहां धरती कहे पुकार के' नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रोन तकनीक तथा नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। इस अवसर पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही गांव के भू–अभिलेख के शत–प्रतिशत डिजीटलीकरण के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा चिलपुटी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागाव जिले के ग्राम चिलपुटी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा मे रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे सरंपच करुणा कोर्राम उपस्थित रही। उपस्थित सभी वक्ताओं ने केन्द्र सरकार के योजनाओं का लाभ सभी नागरिकों को मिले चाहे वह उज्ज्वला योजना हो या प्रधानमंत्री अवास योजना के बारे में जानकारी दिये। लाभार्थियों के द्वारा प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए योजना का लाभ कैसे लिये लौगो को बताए। कार्यक्रम मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा और एसडीएम निकिता मरकाम भी उपस्थित रही । वहीं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कृषि विस्तार अधिकारी खोमेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

अग्निवीर भर्ती रैली के लिए जांजगीर रवाना हो रहे युवाओं को केन्द्रीय संयुक्त सचिव और कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए जांजगीर रवाना हो रहे युवाओं से भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार तथा जिले के कलेक्टर ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश सेवा के प्रति आप सभी का उत्साह अप्रतिम है तथा यह सफलता में निश्चित तौर पर सहायक होगी। उन्होंने सभी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के अधिक से अधिक युवा सफल होकर जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अग्निवीर भर्ती के लिए भूतपूर्व सैनिकों के माध्यम से युवाओं को दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश पाण्डे, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संयोजक सुब्रत साहा, सचिव उमेश कुमार साहू उपस्थित थे।

मरार समाज की संभाग स्तरीय बैठक सम्पन्न, सुनील रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव में कोसरिया मरार पटेल समाज बस्तर संभाग की बैठक समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल के मुख्य आतिथ्य में बस्तर संभाग अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष खेलु पटेल प्रदेश महामंत्री दुलेश पटेल, शिव नारायण पटेल युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल कृषक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुदेश पटेल सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्कार पटेल की मौजूदगी में बस्तर संभाग के सभी क्षेत्रें से आये सामाजिक जनों की उपस्थिति में मरार समाज भवन कोंडागांव मे सम्पन्न हुई। बैठक मे सामाजिक स्तर पर संगठन की मजबूती हेतु सामाजिक लोगों के आर्थिक विकास हेतु संचालित सामाजिक कार्यक्रमों के बारे मे बताया। साथ ही गांव से लेकर प्रदेश स्तर तक सामाजिक गतिविधियों में सभी की सहभागिता को अनिवार्य बताया। 3 जनवरी को प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन जो की सिमगा जिला बलौदाबाजार में आयोजित होने जा रही है। उसमें सम्मिलित होने सभी से आग्रह किया। बैठक मे बस्तर संभाग के सभी क्षेत्र से आये राज अध्यक्ष मूलचंद कमलकांत पटेल अज्ञेय प्रसाद पटेल हिरासिंग पटेल नाइक सह प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल कृष्णा पटेल डालेंद्र पारासर मनीलाल पटेल भानु पटेल चिंता पटेल गोवर्धन पटेल महिला शक्ति के रूप मे श्रीमती परनिया पटेल उषा पटेल देशवती पटेल हेमा कौशिक भावना पारासर ईश्वन पटेल के साथ भारी संख्या मे सामाजिक जन मौजूद रहे।

दो करोड़ 21 लाख का अवार्ड हुआ पारित

नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला एवं सत्र न्यायालय
ला एव सत्र न्यायालय कोंडागांव
नेशनल लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार उत्तरा कुमार कश्यप, जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, के कुशल नेतृत्व में जिला कोण्डागांव के समस्त न्यायालय उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, प्रिशिला पॉल होरो अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोण्डागांव, यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, एवं तालुका स्तर में हरेन्द्र सिंह नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, अंजली सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल के न्यायालय में खण्डपीठ का गठन कर 16 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय कोण्डागांव में मो0दु0दावा प्रकरण 30 रखा गया, जिसमें 9 प्रकरणों का निराकृत हुआ, एनआईएक्ट के 203 प्रकरण रखा गया था। जिसमें 47 प्रकरण का निराकृत हुआ, मेट्रोमुनियल में 11 प्रकरण रखा गया था, जिसमें 02 प्रकरण का निराकृत हुआ एवं अदर सिविल केस 07 प्रकरण रखा गया था, जिसमें 01 प्रकरण का निराकृत हुआ, ट्रैफिक चालान में 166 प्रकरण रखा गया था, जिसमें 166 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें 2,09,21,697– दो करोड नौ लाख इक्कीस हजार छः सौ सत्तानबे रुपए का अवार्ड पारित किया गया एवं आपराधिक के कुल 294 प्रकरणों को रखा गया था, जिसमें 97 प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया गया। तथा न्यायालय में बैंकों द्वारा पेश प्री–लिटिगेशन प्रकरण एवं विद्युत विभाग के प्रकरण, नगर पालिका परिषद् के प्रकरण, दूरसंचार विभाग के प्रकरण एवं राजस्व विभाग के कुल 3634 प्रकरणों को रखा गया था। जिसमे 1450 प्रकरणों को आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण कर कुल 56,17,854 रुपए की बकाया राशि प्राप्त हुई। नेशनल लोक में कुल 1772 प्रकरणों का निराकरण कर कुल 2,65,39,551– दो करोड पैंसठ लाख उनचालीस हजार पांच सौ इक्यावन रूपये का अवार्ड पारित किया गया।

इस अवसर में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरा लीगल वालिंटियर्स, समस्त बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद्, दूरसंचार विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं विभिन्न क्षेत्र से आए पक्षकारों के उपस्थित व सहयोग से उपरोक्त सफलता प्राप्त की जा सकी।

अंड़ा खरीदी : दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मालगांव में दुकानदार और ग्राहक के मध्य अंडा खरीदने के दौरान गिरकर फूटने की बात को लेकर बढ़े विवाद में दोनो पक्षों ने थाना में शिकायत किया, जिसके अनुसार दोनो पक्षों ने एक दूसर के साथ मारपीट करने की बात सामने आई है। कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज किया है।

कोतवाली थाना में पहले शिकायत करने पहुँचे मालागांव निवासी 53 वर्षीय डेरहा राम साहू पिता फागुराम साहू ने पुलिस को बताया कि मैं किसानी का काम करता हूँ और साथ में घर के परिसर में किराना स्टोर्स चलाता हूँ। मेरे दुकान में 17 दिसंबर को करीबन दोपहर को 12 बजे डब्बू खान अंडा लेने आया था। अंडा को मेरी लडकी गीतांजली साहू देने के लिए पेपर में अंडा को रखी थी, पेपर को डब्बू खान लेने के लिए खींचा, तो एक अंडा जमीन में गिर कर टूट गया, जिससे अंडा नही ले जाऊंगा, कहकर ऊंची आवाज में बात करने लगा, तब मै दुकान में आया और पूछा कि क्या हुआ, तो डब्बू खान बोला की मै अण्डां नही लूंगा, तब मै बोला दूसरा एक्सट्रा अंडा ले जाओ बोलने पर आरोपी कहने लगा कि तुम हमेशा ऐसे ही करते हो कहकर गाली गुप्तार करने लगा। उसी समय सुनील साहू एवं उसकी मां सुषमा बाई साहू आए और दोनो एक राय होकर कहने लगे कि तुम मेरे परिचित डब्बु खान को क्यो गाली गुप्तार कर रहे हो कहते हुए सुनील साहू गाली देते हुए आज तुझे जान से मार डालेंगे कहकर दोनो एक राय होकर हाथ थप्पड से मारपीट किए और मुझे जमीन मे पटक दिया, जिससे जमीन मे पड़े पत्थर से मेरे दाहिने कंधे बदन व सिर मे चोट लगा है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

गाली-गलौज और मारपीट

दूसरे पक्ष की ओर से मालागांव निवासी 45 वर्षीय सुषमा साहू पति बोधन साहू ने पुलिस को बताया कि मैं गृहणी एंव खेती किसानी का काम करती हूं। मैं 17 दिसंबर को अपने घर पर थी, कि दोपहर करीबन 12 बजे मेरा देवर डेरहा राम साहू तथा डब्बू खान के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद हो रहा था, उसी समय मेरा बेटा सुनील साहू घर के बाहर सुखाए धान को पलटाने के लिए निकला तो देवर डेरहाराम साहू पुरानी बात को लेकर मेरे बेटे सुनील को गाली गलौच करने लगा, तब मेरा बेटा सुनील साहू गाली गलौच करने से मना किया गया, उसी समय मै भी वाद विवाद को सुनकर घर से बाहर निकली और क्या हो गया बोलकर अपने बेटे से पूछ रही थी कि डेरहा राम साहू मुझे देखकर गाली देने लगा, मैने गाली देने के लिए मना किया तो देवर डेरहाराम साहू जान से मार डालूंगा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे चोट आई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर डेरहाराम साहू के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

वन कर्मचारी, प्रबंधक संघ ने की विधायक से भेंट

सबका साथ सबका विकास

दंतेवाड़ा के नए विधायक चैतराम अटामी ने समस्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। किसी के भी साथ भेदभाव नही किया जाएगा। जैसे इस विधानसभा में प्रदेश के समस्त कर्मचारियों, कृषकों, व्यापारियों, छोटे-बड़े उद्योगपतियो ने साथ दिया है और हमपर भरोसा दिखाया है। हमारी सरकार पूरी कोशिश करेगी, किसी के साथ अन्याय न हो। सभी की जायज मांगों को समय पर पूर्ण करना ही हमारी प्राथमिकता है।

भ्रटाचार मुक्त होगा दंतेवाड़ा

विधायक अटामी ने दोहराया कि भाजपा का संकल्प है कि दंतेवाड़ा को पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि आवराभाटा रेल लाईन ब्रिज निर्माण, सरकारी भर्ती में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता, सभी सड़कों की मरम्मत, अच्छी स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, गांव में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना मेरा मुख्य उद्देश्य है।

वन विभाग मेरा परिवारः अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामलाल नेताम के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा वन परिवार के समस्त कर्मचारियों ने आज दंतेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट की। गीदम के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में वन विभाग के समस्त कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से दंतेवाड़ा के नए विधायक से मुलाकात कर उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही इसे जल्द से जल्द हल कराने की बात कही। जिस पर दंतेवाड़ा विधायक ने सभी मांगों को जायज बताते हुए उन्हें मुख्यमंत्री के सामने रखने की बात कही। इस दौरान छतीसगढ़ वन कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ दंतेवाड़ा, वन कर्मचारी लिपिक संघ, समस्त वाहन संघ, अनियमित, संविदा, अर्दली, चौकीदार, दैनिक वेतनभोगी संघ संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

विधायक अटामी से मिले प्लेसमेंट कर्मी

गीदम। नगर पंचायत गीदम के प्लेसमेंट कर्मचारी संघ द्वारा दन्तेवाड़ा विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर उन्हें संघ की ओर से शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कर्मचारियों के समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कर्मचारियों को उनकी प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान अध्यक्ष रूपधर कड़ती, उपाध्यक्ष सुखनाथ अतरा, जिलाध्यक्ष देवीशंकर सैनी, रतन यादव, गंगा सिंह, शामनाथ, महेश शर्मा, रामलखन पटेल और शिवशंकर श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

विधायक चैतराम ने किए शिवजी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

जीत के बाद प्रथम बार नकुलनार आगमन पर भाजपा विधायक चैतराम अटामी का भाजपाइयों ने जोशीला स्वागत किया। स्वागत उपरांत विधायक ने नकुलनार शिव मंदिर में जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया।

इसके उपरांत गड़पदर में कोंडराज बाबा के दर्शन पूजारीपारा में लक्षन दाई माता मंदिर में दर्शन एवं मैलावाड़ा मंदिर में भी दर्शन किये। जहां सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक अटामी से मुलाकात किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामबाबू सिंह गौतम, जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सोमडु कोर्राम, मुन्नाराम मरकाम, दुर्गा चौहान, कमला विनय नाग, कामो कुंजाम, चन्द्रपाल भदौरिया, विजय भदौरिया, आशीष चौहान, गोविंद तिवारी, राघवेंद्र गौतम, सुमित भदौरिया, अभिषेक राठौर, अमित भदौरिया, धन्नू, कुम्मा, अरविंद, अजय, मंगू अतरा, दिनेश बघेल, देवचन्द्र नाग, मैथु, सीताराम नाग, जयराम नाग, नन्दलाल, अक्षय ताती सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बुजुर्गों को शॉल व श्रीफल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में सत्यसाईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आज एक दिवसीय ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान सत्यसाईं बाबा के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व धर्म ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात रैली के माध्यम से भगवान बाबा की प्रतिमूर्ति को लेकर ग्राम भ्रमण करते हुए ग्रामीण माता बहनों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।

तदुपरांत नन्हें बच्चों के द्वारा विभिन्न बाल विकास कार्यक्रम खेल व गीत, भजन, नृत्य व बच्चों के बाल मनोविकास को प्रबल करने के विभिन्न कार्यक्रम भी कराए गए। साथ ही महिलाओं को खेल-खेल के माध्यम से परिवार में अच्छी शिक्षा संस्कार व परिवार में आध्यत्मिक वातावरण को कैसे बढ़ावा दे। इन तमाम गतिविधियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बताया गया। साथ ही आयुष चिकित्सा विभाग के द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर लोगों को काढ़ा पिलाया गया और विभिन्न बीमारों का निः शुल्क उपचार भी किया गया।

इस अवसर पर दंतेवाड़ा से पहुंचे साख्याजी के द्वारा 85 चश्मा वितरण किया गया। भगवान सत्यसाईं बाबा के सेवा एवं प्रशांति प्रशिक्षण देकर पुरुष बुजुर्गों एवं महिला बुजुर्गों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पल्लीभाटा सत्यसाईं समिति के प्रमुख लच्छु राम यादव, भूपेंद्र ठाकुर, निर्मला व सुरजा बाई चंदेल, केदार ठाकुर, तेज लाल यादव एवं सत्य साईं समिति का विशेष योगदान रहा।

कहानी तिहार की हुई शुरूआत

बस्तर। प्राथमिक शाला बोड़नपाल 2 में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन द्वारा कहानी कथन उत्सव का आयोजन आज किया गया। कहानी कथन उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संदर्भ से जुड़ी हुई कहानी को एकत्रित कर कक्षा पहली, दूसरी व तीसरी के बच्चों के साथ कार्य करने एवं स्थानीय कहानी को संग्रह कर बच्चों को सुनने में मदद मिल सके एवं बच्चे खुलकर अपनी अभिव्यक्ति कौशल बढ़ा सके, सभी बच्चे इस कहानियों को सुनकर अपना आत्मविश्वास बढ़ा सके है। इस कहानी उत्सव में संकुल स्तर के 5 प्राथमिक शालाओं से 10-10 बच्चे एवं शिक्षक व स्थानीय जन प्रतिनिधि, कहानीकार उपस्थित रहे। स्थानीय कहानी कार द्वारा बच्चों को अलग-अलग स्थानीय कहानी बड़े हाव-भाव के साथ आनंदमय तरीके से सुनाया गया। गांव के उप सरपंच, बोड़नपाल 2 के सीएसी मुकेश पटेल एवं प्रधान अध्यापक केएल मंडावी, तुलनाथ बेलसरिया, हेमंत कुमार ध्रुव एवं शिक्षक सत्येंद्र, बबीता भी इस कहानी कथन उत्सव में शामिल हुए।

सेवा भाव से काम करना सुखद अनुभूति : मनीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

सेवा भाव के साथ काम करना एक सुखद अनुभूति होती है। यह वही समय होता है जब हम राष्ट्र और राष्ट्रीयता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप ने आज कही।

- ग्राम भाटपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में सहयोग की भावना और देश प्रेम की भावना को जागृत करना एक सराहनीय कार्य है और इस कार्य में जो भी मन लगाकर कार्य करता है। निसंदेह उसे आने वाले समय में इसका लाभ भी देखने को मिलता है। मनीराम कश्यप ने शिविर की प्रभारी रीना आईजेक एवं सहयोगियों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि 6 दिनों तक छात्राओं ने अपने घरों से दूर रहकर जिस जज्बे के साथ काम किया वह सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत भाटपाल रयो कश्यप ने की। 6 दिवसीय शिविर जिसमें विकासखंड बस्तर ब्लॉक मुख्यालय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बस्तर की 50 छात्राओं ने प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से ग्राम में जन जागरूकता को लेकर भी कार्य किया। जिसमें प्रमुख रूप से स्वच्छता, स्वास्थ्य सहित अपने आस-पास के लोगों को किस तरह जागरूक करके एक सुखद राष्ट्र की कल्पना को कैसे साकार कर सकते है, इसे लेकर भी शिविर में जानकारी विस्तार से दी गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद अंकित पारख, पूर्व सरपंच नारायण कश्यप मौजूद थे। कार्यक्रम को संस्था की प्राचार्या तनुश्री महंती ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर उपसरपंच चंद्रभान मिश्रा, एसआई गुनेश्वरी नुरेटी, रूपसिंह बघेल, संतोष कश्यप, सावित्री भगत, हेमलता तारम, अनिता मिश्रा, इसराज खान, विजय कुमार महिपाल, संतोषी चौधरी, श्रद्धा दुर्गे, दयामनी, निलेन्द्री लक्ष्मण भारती उपस्थित थे।

मुक्तिधाम की हुई सफाई

भोंड। नगर पंचायत बस्तर के मुक्तिधाम में आज स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एम कृष्णा राव के नेतृत्व में साफ-सफाई की गई। इस दौरान नगर पंचायत बस्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

विद्यार्थी आयुर्विधा आयुर्वेद परिचय पर हुआ कार्यक्रम

बस्तर। बस्तर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ जगनू राम नेताम के मार्गदर्शन में विखं बस्तर में आयुर्विधा विद्यार्थी आयुर्वेद परिचय कार्यक्रम का आयोजन केशरपाल के हायर सेकंडरी स्कूल में आज किया गया। डॉ विनोद सिंह के द्वारा दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं योग के फायदे बताकर कुछ योगाभ्यास करवाते हुये, भ्रामरी, कपालभांति, उज्जयी, अनुलोम विलोम प्राणायाम करवाया। डॉ एसआर पटनायक के द्वारा औषधि पौधों को दिखाते हुए उनके उपयोग एवं फायदे बताया गया तथा प्रकृति परीक्षण किया गया। अपने किचन गार्डन में औषधीय पौधे लगाने एवं उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। डॉ कविता राठिया के द्वारा बालिकाओं को मासिक धर्म, पोषण बालिका स्वास्थ्य परीक्षण एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया गया। डॉ हेमंत यादव ने आहार विधि, सदवृत, मानसिक तनाव मुक्ति, पर्यावरण जन जागरूकता के बारे बताकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एसआर मौर्य, शिक्षक गोपाल कश्यप, पारस साहू एवं अन्य स्टाफ कंवल पटेल, उर्मिला बघेल एवं कक्षा 11वीं, 12वीं के 145 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपरोक्त सभी जानकारियां प्रदान की गई। गजेंद्र हिचामी एवं उर्मिला बघेल ने काढ़ा एवं औषधि वितरण में सहयोग किया।

ऑनलाइन शिकायतों का हो रहा निराकरण

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नागरिकों और सरकार के बीच पाट रही दूरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

डिजिटलीकरण की शक्ति के प्रमाण में, छत्तीसगढ़ के किरंदुल और बचेली शहरों में दो ऑनलाइन शिकायत प्लेटफार्मों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव देखा गया है। केंद्र सरकार की सीपी ग्राम और राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ जन शिकायत वेबसाइट, ये मंच नागरिकों को अपनी चिंताओं को सीधे सरकार तक पहुंचाने का अधिकार देते हैं, जिससे स्थानीय मुद्दों का समाधान निकलता है।

किरंदुल नगर के पूर्व पार्षद प्रवेश जोशी इन प्लेटफार्मों की प्रभावशीलता के प्रमाण के रूप में खड़े हैं। उन्होंने विभिन्न मुद्दों को सफलतापूर्वक निपटाया है, जिनमें किरंदुल-बचेली मुख्य सड़क पर खराब स्ट्रीट लाइट से लेकर, आयुर्वेदिक होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित करने, स्कूलों और आंगनबाड़ियों के नवीनीकरण करने जैसे विविध मुद्दों को उठाया है। उन्होंने कुआकोंडा में पोषण पुनर्वास केंद्र के बारे में चिंताएं उठाने और बच्चों की भलाई की वकालत करने के लिए भी इन प्लेटफार्मों का उपयोग किया है। ढोलकाल जैसे विरासतों पर प्लास्टिक बैन करने के मुद्दे को भी उठाया है। जिसके फलस्वरूप सरकार की जवाबदेही के साथ उनके प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिले। जिला प्रशासन ने उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की, जैसा कि जिला महिला एवं बाल विकास विभाग ने उन्हें आंगनबाड़ी नवीनीकरण और मरम्मत के संबंध में एक पत्र के साथ एक उत्तर पोस्ट भेजकर प्रदर्शित किया।

जोशी ने शिकायत पोर्टल के अधिकारीगण और दंतेवाड़ा जिला प्रशासन के सक्रिय दृष्टिकोण व कार्यशैली की सराहना करते हुए, उनकी त्वरित सकारात्मक प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की पानी, बिजली, टपकती दीवारों, बाउंड्री वाल आदि जैसे समस्याओं का निराकरण जल्द ही किया जाए।

वार्षिक उत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम

बस्तर। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस करमरी में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आज समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। साथ ही शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा कृषि, विज्ञान विषय से सम्बंधित तैयार किये गए मॉडल का अवलोकन भी अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के प्राचार्य शाहजी नाग की अहम भूमिका थी। साथ ही समस्त स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के द्वारा स्टाल लगाकर आनंद मेला का आयोजन किया था। इस अवसर पर प्राचार्य चोकर जयराम यादव, प्राचार्य कुड़कानार सईदा खान व संस्था के समस्त स्टाफ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

एनएसएस शिविर में हुई विविध गतिविधियां

डीएवी में एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम चोलनार के गायत्री आश्रम परिसर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन 10 से 16 दिसंबर के मध्य किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर के समाजसेवी एवं गायत्री ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष डीपी डेहरिया एवं विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया था। इस दौरान शिविर स्थल की सफाई की गई। ग्राम के शाला परिसर एवं हैंड पंप के आस-पास की सफाई की गई। बौद्धिक चर्चा में योगाचार्य नरेंद्र देव के द्वारा योग की महत्ता एवं बौद्धिक विकास हेतु योगासन भी बताया गया। 14 दिसंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला के बच्चों एवं ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का समापन ग्राम के सरपंच भीमा मंडावी, विद्यालय के प्राचार्य पीएल वर्मा, गायत्री ग्राम उत्थान समिति के पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी केपी सिन्हा द्वारा शिविर के दौरान किए गए कार्यों को बताया गया। ग्राम के सरपंच के द्वारा एनएसएस कार्यक्रम की सराहना की गई एवं भविष्य में भी विशेष सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लक्ष्य गीत भी प्रस्तुत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 17 दिसम्बर को बस्तर ब्लॉक के करमरी एवं चोकर में किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने शपथ लिये। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को श्रवन किया।

इस अवसर पर किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन, आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, सीईओ प्रकाश सर्वे, जनपद सीईओ भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र, एडिओ चंद्र शेखर जैन, पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू, विशाल दीवान, त्रीलोचन बघेल, अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पूर्व सांसद ने सरपंच को दिया अभिनंदन पत्र

भानपुरी। ग्राम पंचायत करंदोला में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत करंदोला को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत बनने की उपलब्धि पर उनके योगदान के लिए मुख्य अतिथि दिनेश कश्यप पूर्व सांसद के द्वारा सरपंच ग्राम पंचायत करंदोला को अभिनंदन पत्र प्रदाय किया गया।

निगम कक्ष में किया गया भारत संकल्प यात्रा का लाइव प्रसारण

जगदलपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। नगर निगम के सभा कक्ष में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हितग्राहियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम के संबंध में प्रदेश की जनता से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में संवाद किये। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, पार्षद योगेंद्र पांडे, नरसिंह राव, दिगंबर राव, राजपाल कसेर, धनसिंह नायक, आलोक अवस्थी, ममता पोटाई, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव के अलावा कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस यात्रा में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए किया जाएगा।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब [illegible] के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : डीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, खान लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

अज्ञात वाहन की ठोकर से लकड़बग्घे की मौत

भानुप्रतापपुर। भानुप्रतापपुर क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चीजगांव के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से एक वन्य प्राणी लकड़बग्घे की मौत हो गई। ग्रामीणों ने रविवार सुबह जब सडक किनारे लकड़बग्घे का शव देखा तो वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। जिसके बाद मृत लकड़बग्घे का पोस्टमार्टम के बाद विधिवत दाह संस्कार किया गया।

बुजुर्ग ने अपने घर में फांसी लगाकर दी जान

कांकेर। बांदे थानांर्गत पीव्ही 83 निवासी नेपाल मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि मेरा बड़ा भाई 65 वर्षीय गोपाल मिस्त्री पिता स्व. फकीर ने 16 दिसंबर को दोपहर साढ़े 12 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा। पुलिस ने बताया कि अभी तक बुजुर्ग के द्वारा फांसी लगाने का कारण नहीं पता चल सका है।

आंवरी में 3 दिनी राज्य मानस महोत्सव 24 से

चारामा। विकासखण्ड चारामा के ग्राम आंवरी में प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी 24 दिसंबर से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन जय रानी मां युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से भव्य आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय मानसगान महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से ख्याति लब्ध मानस परिवार भाग ले रहे हैं। आयोजन के दुसरे दिन 25 दिसंबर को रात्रि 8 बजे से फिंगेश्वर महासमुंद वाले महराज के माध्यम से हरिकीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। संरक्षक डोमार साहू, अध्यक्ष भूषण सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश जोशी, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, सचिव योगेश साहू, सह सचिव मुकुंद यादव, सलाहकाल लक्ष्मण विश्वकर्मा, तिलेश्वर साह, पीतांबर साहू, कोमल जोशी, घनश्याम साहू, पवन यादव, नरेंद्र यादव, मनोज सेन, यशवंत सिन्हा, सोहन सोनवानी शामिल है।

निधन

ईश्वरलाल बघेल

दुर्गुकोंदल। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कर्रामाड निवासी 53 वर्ष ईश्वरलाल बघेल का बीती रात को निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उनका इलाज रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कर्रामाड में किया गया ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

मानव शरीर और सौरमंडल के विज्ञान मॉडल ने दर्शकों को लुभाया

ग्राम पंचायत की मदद से गणित-विज्ञान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

विकासखंड कांकेर के ग्राम माकड़ीखूना में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला व ग्राम पंचायत के सहयोग से गणित विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। छात्रों ने 40 मॉडल तैयार कर अपने पालकों व अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत कर उसकी उपयोगिता बताई। माकड़ीखूना के मिडिल स्कूल में आयोजित गणित विज्ञान मेले में छात्रों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल का मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्राम के सरपंच सावंत नेताम ने अवलोकन करते हुए कहा कि गणित विज्ञान मेले में बच्चो का रुचि और उनके द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर काफी अच्छा लगा, इससे बच्चो में गणित और विज्ञान के प्रति डर की भावना कम होगी।

शामिल रहे

आयोजित कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष लखनराम नेताम, बच्चों के माता-पिता तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज से आए हुए अतिथिगण , प्राथमिक एवं मा.शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

इसके साथ ही मैं कहना चाहूंगा कि सभी बच्चे मुहल्ले अनुसार शाम के समय पढ़ाई करे। गणित और विज्ञान विषय में बच्चो को डर न लगे इसके लिए आज बच्चो के द्वारा गणित में संक्रियाओं का खेल, जोड़ का जादू, पहाड़ों का खेल, भिन्नो का खेल, संख्याओं का खेल, आकारों का परिवार, उम्र पता करना, संख्या चक्र, दस का दम, भाग की क्रिया और विज्ञान में प्रकाश का परावर्तन - अपवर्तन, मानव कंकाल, पाचन तंत्र, पृथ्वी की बनावट, पृथ्वी की आंतरिक बनावट , सौरमंडल, धूम्रपान सेहद के लिए हानिकारक है, जल चक्र, आंख की बनावट, कान की बनावट, मानव शरीर, मानव नेत्र, मनचाही अमर शहीदों के सम्मान में अमृत कलश जैसे मॉडल तैयार कराया गया, तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

लापरवाही : गिट्टी बिछाकर छोड़ने से हादसे में लोग रोज हो रहे घायल

निर्माणाधीन मानपुर सड़क बना ग्रामीण के लिए मुसीबत, व्यापार हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

- पीनी सींचकर निर्माण नहीं करने से धूल के गुबार से लोग हो रहे बीमार,फिर विभाग ने नहीं उठाया कदम

भानुप्रतापपुर से मानपुर जाने वाले मुख्य सड़क में विगत कई महीनों से नए सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन सड़क निर्माण में हो रही देरी की वजह से आम नागरिकों सहित व्यापारियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जनपद पंचायत के सामने से बस स्टैंड तक गिट्टी बिछाकर कई महीनों से छोड़ दिया गया है।

इस वजह से आसपास के दुकानदार एवं रहवासियों को धूल से बेहद परेशान हो रहे हैं। लम्बे समय से धूल खा रहें लोगों को अब गम्भीर बीमारी होने का भय हो गया है। मामले में विभाग एवं ठेकेदार द्वारा सड़क के निर्माण में बरती जा रही देरी को लेकर लोगों में काफी गुस्सा है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनन्त गोपाल कोठारी का कहना है कि आए दिन सड़क पर बच्चे, महिलाओं सहित आमजन गिर कर घायल हो रहे हैं। वहीं बदहाल सड़क की वजह से दुकानों पर व्यवसाय का काफी बुरा असर पड़ रहा है। जबकि विभाग या निर्माण में लगे ठेकेदार को सड़क जल्दी बने इसकी कोई चिंता नहीं है।

निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा

सड़क निर्माण का कार्य 8 महीने से ज्यादा हो चुका है लोग आजिज और परेशान है। मामले की शिकायत को लेकर रविवार को व्यवसाइयों ने नगर के प्रमुख मुख्य चौक में एकत्रित हुए और इस विषय को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा की। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने भी गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा की और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात की। व्यपारियों ने निर्माण कार्य पूर्ण होते तक पानी छिड़काव करने की भी मांग रखी। व्यपारियों ने कहा अगर निर्माण कार्य मे तेजी नही आएगी तो प्रदर्शन करने मजबूर हो जायेंगे। अब देखना होगा कि वेसुध पड़ा लोक निर्माण शिकायत के बाद भी जागता है या सोता ही रहता है।

शहर के मुख्य चौक का ट्रैफिक सिग्नल निर्माण के वक्त टूटा

भानुप्रतापपुर शहर के मुख्य चौक पर इन दिनों रोजाना ट्रैफिक जाम के हालात बन रहे हैं। इसका मुख्य कारण चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नलों का बंद होना है। सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के वाहन ने इसे छतिग्रस्त कर दिया है।एक महीने से बंद पड़े सिग्नल को ठेकेदार और ना ही सम्बंधित विभाग ठीक करने के लिए गम्भीर है। हालांकि आज नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार और विभाग के अधिकारी से फोन से बात कर तत्काल ठीक करने की मांग रखी है। सिग्नल बंद होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। सिग्नल बंद रहने से लोग दूसरों की परवाह न करते हुए अपनी मनमर्जी से वाहनों को निकालते हैं। मुख्य चौक होने की वजह से मुख्यमार्ग पर चलने वाले वाहन फंस जाते हैं। इससे ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है, तब जाकर लोगों को जाम की स्थिति से निजात पड़ती है।

पंचायत सचिव संघ : कृष्णा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापुर

पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के ब्लाक अध्यक्ष का निर्वाचन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रदेश पंचायत सचिव संघ छ.ग. के आदेशानुसार मतदान स्थल -जनपद पंचायत सभाकक्ष भानुप्रतापपुर में निर्वाचन कार्य संपन्न हुआ। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष हेतु एक मात्र नाम निर्देशन पत्र कृष्णा कावड़े सचिव ग्राम पंचायत केवटी का प्राप्त हुआ ।

जिसे निर्वाचन अधिकारी तुलसी दास मानिकपुरी द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ भानुप्राताप्पुर घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान की गई एवं ब्लाक कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कृष्णा कावड़े , सरंक्षक धनाजी ठाकुर, झाड़ूरामगोटा, उपाध्यक्ष बरसन सलाम, पूनम दर्रो, सचिव रघुवर साहू, सह सचिव बशन्ती नेताम, कोषाध्यक्ष रामसेवक तेता, प्रवक्ता रामकरण सिन्हा, मिडिया प्रभारी भेष कुमार जैन, अनिल पटेल, सलाहकार बरनसिंह आचला ,केशा कोरेटी,संगठन मंत्री तुलसी यदु, निधि राजपूत, ब्लाक कार्यकारणी सदस्य का गठन किया गया।

इस अवसर पर रामकरण सिन्हा प्रदेश मिडिया प्रभारी , झाड़ू राम गोटा, रघुवर साहू,केशा कोरेटी ,दूकालू गोटा,धनाजी ठाकुर, बरसन सलाम ,बरन आचला ,भेष कुमार जैन, निधि राजपूत, पूनम दर्रो,आशमनी शोरी, बसन्ती नेताम , ब्लाक के सभी पंचायत सचिव एवं रामचंद साहू, महेंद नरेटी निर्वाचन अधिकारी के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

भानबेड़ा अर्धवार्षिक परीक्षा का बीईओ ने किया निरीक्षण

भानुप्रतापपुर। अर्धवार्षिक परीक्षा के दौरान भानुप्रतापपुर के खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे भानबेड़ा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंचे। परीक्षा के दौरान उन्होंने व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।शिक्षा अधिकारी ने बताया परीक्षा में कक्षा -10वी (अंग्रेजी) में दर्ज संख्या 57 है जिसमें सभी उपस्थित रहे।12वीं (भौतिक) में दर्ज 46 में 46 एवं (अर्थशास्त्र) में 6 में 6 उपस्थित रहे।9वी (विज्ञान) में दर्ज 48 में 44 उपस्थित रहे। 11वीं व्यवसायिक दर्ज 35 में 35 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने भावना साहू का उत्साहवर्धन बढ़ाया। आपको बता दें कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेडा की विकलांग छात्रा कुमारी भावना साहू पैरों से लिखती है।

चिलपरस कैंप का विरोध जारी हड़तालियों ने मनाई वर्षगांठ

कोयलीबेड़ा। विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत पानीडोबीर के आश्रित ग्राम चिलपरस में पिछले वर्ष 17 दिसंबर 2022 को बीएसएफ कैंप को स्थापित किया गया था। बीएसएफ कैंप के स्थापित होते ही क्षेत्र के लोगों ने चिलपरस में कैंप के विरोध में आंदोलन शुरू कर दिया, आंदोलन जो आज तक अनवरत रूप से चल रहा है, जिसकी 17 दिसंबर को एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आंदोलन का प्रथम वर्षगांठ आंदोलन स्थल में मनाया गया।

कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत पानीडोबीर के आश्रित ग्राम चिलपरस में बीएसएफ कैंप के विरोध में आंदोलन का वर्षगांठ क्षेत्र के 65 गांव के समस्त ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना से किया गया, इसके पश्चात उदबोधन के साथ पारंपरिक आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने बस्तर की जल, जंगल, जमीन, ग्राम सभा, पांचवी अनुसूची, पेसा कानून, फर्जी मुठभेड़ को लेकर प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ अपनी बात कही। कार्यक्रम में बेला भाटिया, अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला, सरजू टेकाम, उमेश पोटाई, सहदेव उसेंडी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। उद्बोधन के बाद आंदोलन स्थल से रैली निकल गई। कार्यक्रम में सरपंच, जनप्रतिनिधि, पटेल, गायता शामिल रहे।

आपका हार्दिक अ
समिति सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई कोयलीबेड़ा जिला उत्तर बस्तर

कार चालक की लापरवाही से ट्रेलर घुसा झोपड़ी में, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नगर चारामा के मुख्य मार्ग में रविवार 17 दिसंबर को जाको राखे साईयां मार सके न कोई, यह कहावत चरित्रार्थ होते दिखी। एक ट्रेलर वाहन के चालक ने रोड़ किनारे बनी झोपड़ी को अपने चपेट में ले लिया। हालांकि इस घटना में एक व्यक्ति को सामान्य चोटे आई है। लोगों का कहना था कि अगर यह घटना शाम को होती तो कई लोग इसके चपेट में आ जाते, क्योंकि उक्त स्थान पर गुपचुप ठेला सहित अन्य दुकानें लगती है। चारामा शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में दोपहर करीब 1 बजे कार क्रमांक जेएच 03 एबी 9394 का चालक कांकेर से धमतरी मार्ग की ओर जा रहा था कि अचानक थाना के पहले बस स्टैण्ड के पास ही एक कार चालक ने अपनी वाहन को अचानक दूसरे दिशा में मोड़ दिया, जिससे पीछे से आ रही ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 4531 का चालक कार मोड़ते देख एकाएक अपनी वाहन को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे एक छोटी सी गली में मोड़ दिया। इस घटना में रोड़ किनारे कपड़ा दुकान लगाए दुकानदार का सामान को चपेट में लेते हुए एक झोपड़ी में जा घुसी। एकाएक इस घटना को देख राहगीर सहित आसपास के दुकानदार अचंभित रह गए। इस घटना में एक व्यक्ति को सामान्य चोटे आई है। घटना के बाद लोगों का हुजूम लग गया था। लोगों ने कार चालक को रोक सामझाईश देने लगे, लेकिन कार चालक भी लोगों से तमक कर बात करने लगा । इसकी खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर यातायात बहाल करने में लगी रही। समाचार लिखे जाने तक इस घटना की रिपोर्ट चारामा थाना में दर्ज नही हुई थी।

जवान की ड्यूटी जरूरी

चारामा के लोगो ने कहा कि बस स्टैण्ड के साथ ही उक्त मार्ग से बाजार जाने का मार्ग होने के कारण यातायात का दबाव ज्यादा रहता है। कांकेर व धमतरी की ओर चार पहिया वाहन,भारी वाहन सहित अन्य वाहनों के चलने से ट्रैफिक बढ़ता ही जा रहा है। उक्त स्थान पर पुलिस की ड्यूटी लगाना जरूरी है, ताकि वाहनों के आवाजाही के लिए तैनात जवान को देखकर वाहनों की गति कम हो सके।

कुम्हार शासकीय कालेज ने किया एनएसएस शिविर का आयोजन

विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता व शुद्ध पेयजल पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडारडिगी के पावन धरा पर कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिवस परियोजना समन्वयक जल जीवन मिशन से डॉ. कुमार सिंह तोप्पा ने स्वच्छता व शुद्ध पेयजल पर जानकारी दिया।

कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ महतारी, स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की चित्रपटल पर द्वीप प्रज्वलित कर जनिता कुलदीप, पिकेश ठाकुर एवं लक्ष्मी टांडिया द्वारा राजकीय गीत प्रस्तुत कर किया। डॉ. तोप्पा द्वारा शुद्ध पेयजल व स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी एवं बौद्धिक परिचर्चा के दौरान शिविरार्थियों व ग्रामवासियों से संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके अच्छे मित्र हमारा स्वास्थ्य है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रमुख तत्व में से एक शुद्ध पेयजल है जो पृथ्वी पर कुल 75 प्रतिशत पानी में से 3 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। किन्तु आधुनिक विकास के भाग दौड़ में दिन प्रतिदिन जल की गुणवत्ता का खराब हो जाना अवश्यंभावी हो जाती है। जब वह औद्योगिक अपशिष्ट, मानव अपशिष्ट, पशु अपशिष्ट, कचरा, अनुपचारित मल, रासायनिक अपशिष्ट आदि से प्रदूषित हो जाती है। ऐसे प्रदूषित पानी को पीने या इससे खाना पकाने से जल जनित रोग और संक्रमण जैसे कि अमिबायसिस, गियारडाइसिस और टोक्सोप्लास्मोसिस हो जाता है। भू जल में उपस्थित असंतुलित तत्व आयनों के कारण भी विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ होती है, जिसमें मुख्य रुप से फ्लोराइड की अधिकता के कारण दांत पीले व हड्डियां टेढ़े मेढ़े हो जाना आदि है। इसके रोकथाम के लिए विभिन्न घरेलु उपचार व वैज्ञानिक तकनीकि, विधि के बारे जानकारी दिया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राम मंडावी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी खेमनलाल मंडावी, देवसिंह कांगे, दिलीप ताम्रकर, सुमित्रा मंडावी, महादलनायक शिवनाथ जैन, महादलनायिका शिवागनी दर्रो तथा समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सतनामी समाज का हुआ युवक-युवती परिचय सम्मेलन

जगदलपुर। प्रगतिशील सतनामी समाज की ओर से बाबा गुरू घासीदास की 267 वीं जयंती महोत्सव पर पहली बार युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के 22 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। इसमें समाज के अध्यक्ष हीरालाल चंदेल ने बताया कि समाज में वर एवं वधु ढूंढने से समय होता है।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में
फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट
में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी ☎7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411